हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

11 सम्मान से जीने के हक की लड़ाई के संघर्ष का दिन है श्रमिक दिवस



12 मंत्री आरती बोली, 'ये तो केवल ट्रेलर, विकास की पिक्चर तो अभी बाकी'



## खबर संक्षेप

### मनीषा ने सीएसआईआर नेट परीक्षा की क्वालीफाई



मनीषा

**नारनौल।** निजामपुर रोड पर स्थित भूरावाला कुआं निवासी टेंट हाउस संचालक जयप्रकाश सैनी की बेटी मनीषा सैनी ने सीएसआईआर नेट परीक्षा में लाइफ साइंस विषय में परचम लहराया है। मनीषा सैनी ने इस विषय में ऑल इंडिया में 203वीं रैंक हासिल की है।

### भुंगारका पॉवर हाउस की बाधित रहेगी सप्लाई

**नांगल चौधरी।** भुंगारका पावर हाउस में रूटीन मेंटीनेंस दो मई को की जाएगी। जेई कमल सिंह ने बताया कि मेंटीनेंस की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू होगी तथा 10 बजे तक कंप्लीट होने का अनुमान है। इस दौरान अकबरपुर, सिरोही, तोताहेड़ी, सिरोही बहाली, शिमली, आकोली, मूलोदी, सिलारपुर, नंगली, नेहरूनगर, भोजावास गांव की बिजली सप्लाई शुक्रवार को बंद रखी जाएगी।

### चोरों ने बंद मकान से चुराए लाखों के गहने

**नारनौल।** शहर में बंद मकान से चोर लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवरात चुरा ले गए। मोहल्ला राव का निवासी बिलो देवी ने बताया कि उसके बेटे व बहु बाहर घूमने के लिए गए हुए हैं। जहां उसका आंख का ऑपरेशन हुआ। बीती शाम उसका दोयता आया तथा मकान के पीछे वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है। अलमारी से एक दस ग्राम का मंगलसूत्र, 11 ग्राम चेन, दो सोने की अंगूठी, साढ़े तीन ग्राम के कान के टापस व चांदी के गहने गायब मिले।

### किसान के खेत से सोलर मोर्टर्स पम्प किया चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से एक किसान के खेत से सोलर मोर्टर पम्प अज्ञात चोर चुरा के ले गए। पीड़ित किसान ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में सिलारपुर निवासी रामरती ने बताया कि अपने नाम से पीएम योजना के अंतर्गत सोलर मोर्टर 2023 मे लगवाई थी। उसमे तकनीकी खराबी आने के कारण उसे निकलवाया था, जिसके लिए मिस्त्री की सहायता से उसको निकलवाकर खेत में बोर के समीप रख दिया। गत 25 अप्रैल को सुबह जाकर देखा तो अज्ञात चोर उसे चुराकर ले गये। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सैनी धर्मशाला में सभा की आम बैठक 15 को

**नारनौल।** सैनी सभा की आम बैठक 15 मई को रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में होगी। सभा के महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि बैठक में 2024-25 का आय-व्यय प्रस्तुत किया जाएगा।

## सपना हो रहा साकार, मेडिकल कॉलेज में ओपीडी शुरू सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को मिलेगी सुविधा

*स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में ओपीडी का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा निर्देश अनुसार महर्षि च्यवन मैडिकल कॉलेज कोरियावास की ओपीडी का वीरवार विधिवत शुभारम्भ किया गया। हालांकि अभी स्थाई तौर पर मेडिकल कॉलेज का स्टाफ नहीं आया है। नारनौल से पांच चिकित्सक व अन्य स्टाफ और नल्हड़ के मेडिकल कॉलेज का स्टाफ यहां नियुक्त किया है। निदेशक (मैडिकल कॉलेज) डा. पवन कुमार गोयल ने बताया कि ओपीडी का संचालन सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए चिकित्सकों द्वारा किया गया है। ओपीडी में हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग, मनोरोग विभाग, मैडिसिन विभाग, नेत्र रोग विभाग, कान-नाक-गला रोग आदि सभी विभागों की सुविधाएं प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक उपलब्ध रहेंगी। महर्षि च्यवन मैडिकल कॉलेज का शुभारम्भ महेन्द्रगढ़ जिले सहित आस-पास के सभी जिलों और राजस्थान के मरीजों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। भविष्य में इस कॉलेज में सभी प्रकार के परीक्षण और इलाज की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर डा. मुकेश कुमार, निदेशक मैडिकल कॉलेज नूंह, डा. ओपी यादव, आईएमए अध्यक्ष जिला महेन्द्रगढ़, तथा सभी चिकित्सक, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**नारनौल।** महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में इलाज करते डाक्टर।

### डॉ. अभय सिंह यादव का सपना साकार

हरियाणा के अंतिम छोरपर बसे महेंद्रगढ़ जिला में स्वास्थ्य सेवाओं की दरकार थी। यहां के लोग दिल्ली या जयपुर 150 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं लेने जाते थे। लंबी दूरी होने की वजह से अक्सर मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता था। ऊपर से भारी भरकम राशि ओर खर्च होती थी। हरियाणा गठन के बाद कई सरकार आई और गई। मांग नहीं इस जरूरत को किसी ने नहीं समझा। हर सरकार क्षेत्रवाद में अटकी और अपने क्षेत्र में विकास करवाकर वोट बैंक की राजनीति की। अब जब भाजपा सरकार प्रदेश में पहली बार बहुमत से आई तो निष्पक्ष व समान कार्य का वायदा किया। जब प्रदेश में मनोहर सरकार ने हर जिला में एक मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा सेआस जगी। 23 दिसम्बर 2018 को कोरियावास में विधायक डा. अभयसिंह यादव ने विशाल रैली की। जिसमें सीएम तत्कालिन सीएम मनोहरलाल ने मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। शिलान्यास के 42वें दिन डा. अभय सिंह यादव ने कॉलेज की ढाई किलोमीटर लंबाई वाली चारदीवारी की नींव रखी। कोविडकाल से निर्माण कार्य में देरी हुई और एक लंबे समय के बाद करीब 700 करोड़ में मेडिकल कॉलेज तैयार हुआ। जिसका नाम महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज रखा है। डा. अभय सिंह यादव अकसर मेडिकल कॉलेज होने का सपना पूरा करने की बात कहते रहे है, किसी हद तक यह सपना अब साकार हो रहा है।

### 80.53 एकड़ में कॉलेज

मेडिकल कॉलेज में 710 बैड का अस्पताल होगा। जिसमें 650 बैड एमबीबीएस व 60 बैड पीजी के लिए होंगे। मेडिलक कॉलेज एवं प्रशासनिक भवन में 600 विद्यार्थियों की क्षमता का परीक्षा भवन, 314 कमरों का लड़कियों का हॉस्टल, 320 कमरों का लड़कों के लिए हॉस्टल, 54 कमरों का सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों का हॉस्टल, 75 कमरों का जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों का हॉस्टल, 75 कमरों का नर्सों का हॉस्टल, प्राचार्य निवास, 72 स्टाफ क्वार्टर, 16 कमरों का गेस्ट हाउस, शव परीक्षा कक्ष, शव कक्ष, विघुत शव दाह भट्टी, पुलिस थाना, बिजली का सब स्टेशन, कैंटीन, रैन बसेरा, सुलभ शौचालय आदि सुविधाएं मिलेगी। इसके अतिरिक्त केंद्रीय कार्यशाला, पांच लेक्चरर हॉल, सभी यंत्रों से सुसज्जित प्रयोगशाला होगी। भविष्य में होने वाली आवश्यकताओं को देखते हुए हरियाणा पीडब्ल्यूडी विभाग को नारनौल बाईपास से मेडिकल कॉलेज के पहुंच मार्ग को चौड़ा करने के लिए भी कहा जा रहा है। यदि आवश्यक हुआ तो मेडकल कॉलेज तक चार मार्गी सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। यह भवन ग्रीन बिल्डिंग मापदंडों के आधार पर बनाई गई है।

### क्या कहते है सीएमओ

सीएमओ डा. अशोक कुमार ने बताया कि हमारे यहां जो सरप्लस स्टाफ था, उसमें से ही मेडिकल कॉलेज कोरियावास भेजा गया है। इनमें पांच चिकित्सक भी है। स्वास्थ्य विभाग के अधीन जिला के किसी भी सरकारी अस्पताल में इन सरप्लस स्टाफ के जाने से दिक्कत नहीं आएगी।

## पंजाब द्वारा पानी में कटौती करने से गहरा रही समस्या

# पेयजल संकट: नहरों में पानी नहीं आने से भयावह होते जा रहे हालात

28 अप्रैल को नारनौल पहुंचना था पानी, अब एक मई को भी नहर सूखी, सूखी पड़ी नहर शहर से गांवों तक नलों को पानी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जल बंटवारे पर हरियाणा-पंजाब के बीच छिड़ी जंग की आग में इन दिनों दक्षिणी हरियाणा खासकर जिला महेंद्रगढ़ झुलसता हुआ दिखाई दे रहा है। पानी नहीं मिलने से यहां पंप हाउस ठप पड़े हैं और नहरें सूखी पड़ी हैं, जबकि यहां का समूचा क्षेत्र नहरी पानी आधारित जल योजनाओं से पानी पीकर अपना पेट भरते हैं। यदि अतिशीघ्र इस जंग का कोई सकारात्मक हल नहीं निकला तो इस इलाके की जनता को आने वाले दिनों में भयावह संकट का सामना करना पड़ सकता है और यहां के लोग प्यास बुझाने के लिए पानी की एक-एक बूंद का तरस सकते हैं।

गौर हो कि प्रदेश के अंतिम छोर पर बसा जिला महेंद्रगढ़ डार्क जोन क्षेत्र में आता है। यहां का भू-जल इतना गिर चुका है कि यहां नलकूपों के जरिए समूची फसलों की सिंचाई तो दूर पीने को पानी तक नहीं है।

अधिकांश गांवों में यही हालात बने हुए हैं। इन्हीं हालातों को देखते हुए प्रशासन एवं सरकारों ने यहां पर नहरी पानी आधारित वाटर स्टोरेज टैंक बनवाए हुए हैं, ताकि उनमें लाखों लीटर नहरी पानी भरकर स्टोर किया जा सके और जरूरत के अनुसार इस पानी को स्वच्छ करके पीने की आपूर्ति की जा सके। मगर पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा को नौ हजार क्यूसिक की जाए केवल चार हजार क्यूसिक पानी देने तथा पांच हजार क्यूसिक की कटौती कर देने से हालात खराब हो गए हैं।





**नारनौल।** पानी नहीं आने से बंद पड़ी पंप हाउस की मोटरें व सूखी पड़ी सिंघाना रोड की पंप हाउस से जुड़ी नहर। फोटो: हरिभूमि

### नहरों में पानी नहीं

जिला महेंद्रगढ़ में खूबड़ू हैड से नहरी पानी छोड़ा जाता है। यहां की नहरों में 15 दिन लगातार पानी छोड़ा जाता है 24 दिन बंद रहती हैं। 24 दिन बाद फिर से 15 दिन पानी छोड़ा जाता है। पिछली बार 4 अप्रैल तक नहरों में पानी आया था। जिससे 24 दिन पानी बंद रहने के बाद यहां की नहरों में 28 अप्रैल से पानी आना था, लेकिन अब एक मई तक भी यहां की नहरें सूखी पड़ी हैं। कारण स्पष्ट है कि नहरों को पानी नहीं मिल रहा। हालांकि इस बार खूबड़ू हैड से नहरी पानी छोड़ा गया है, लेकिन वह अपर्याप्त यानि काफी कम होने के कारण गति नहीं पकड़ पा रहा और अब एक मई को यहां की नहरों तक नहीं पहुंच पाया है। सूत्र बताते हैं जितना पानी छोड़ा जाता रहा है, अबकी बार उसका महज 30 प्रतिशत ही पानी छोड़ा गया है। नारनौल में सिंघाना रोड पर बनी एनबी-1 को पर्याप्त नहरी पानी मिलने का आज भी इंतजार है।

### सूखते जा रहे वाटरटैंक

नहरों में पर्याप्त नहरी पानी नहीं आने से नारनौल क्षेत्र में नहरी पानी आधारित बने वाटर स्टोरेज टैंक अब सूखने की कगार पर हैं। थोड़ा बहुत पानी हुडा कॉलोनी के वाटर टैंकों में नजर आता है, लेकिन अन्य वाटर टैंकों की हालत खराब है। जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के अधीन नारनौल एवं नांगल चौधरी शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र आते हैं। नारनौल शहर की करीब डेढ़ लाख आबादी के लिए नौ वाटर टैंक बनाए हुए हैं, जबकि नांगल चौधरी समेत ग्रामीण क्षेत्र की आबादी के लिए छह वाटर टैंक बनाए हुए हैं। ये वाटर टैंक लहरोढ़ा, नसीबपुर एवं रेवाड़ी रोड पर कृष्णावति नदी के साथ बनाए गए हैं। हुडा के लिए सिंघाना रोड की नहरी एनबी-1 के साथ दो वाटर टैंक बनाए गए हैं। कुल मिलाकर इन सभी वाटरटैंकों को नहरी पानी की सख्त जरूरत है, जो एक बूंद भी नहीं मिल रहा।

### राशनिंग से हो रही सप्लाई

नहरों में पानी नहीं आने से नहर विभाग ही नहीं, सबसे ज्यादा पतली हालत जनस्वास्थ्य विभाग की बनी हुई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि नहरी पानी नहीं मिलने की अवस्था में वह यहां की जनता की प्यास कैसे बुझाएंगे, क्योंकि एक तो यहां भीषण गर्मी पड़ रही है और लोगों को अधिकाधिक पानी पीने के लिए चाहिए, लेकिन जरूरत के अनुसार भी पानी उपलब्ध नहीं है। इन हालातों में फिलहाल जनस्वास्थ्य विभाग उपलब्ध पानी को एक दिन छोड़ एक दिन पानी की राशनिंग करके कहीं आधा घंटा तो कहीं एक घंटा ही पानी छोड़ रहा है। कुल मिलाकर वर्तमान में ही हालात खराब बने हुए हैं। यदि नहरों में पानी नहीं आया तो यह हालात भयंकर भयावह वाली स्थिति में बदल जाएंगे।

### यह कहते हैं नहर विभाग के एसई

नहर विभाग के एसई राजेश खत्तरी ने बताया कि पंजाब द्वारा नहरी पानी की कटौती करने से पूरे हरियाणा में ही पानी को लेकर हा-हाकार की स्थिति बनी हुई है। हालांकि अब बीबीएमबी ने हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने की बात कही है। यदि बीबीएमबी का अतिरिक्त पानी मिल जाता है तो नहरों में पानी चलेगा, जो नारनौल तक अगले दो-तीन दिन में पहुंच जाएगा।

### यह बोले जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ

एसडीओ मुकेश शर्मा ने बताया कि नहरों में पानी नहीं आने से हालात खराब हैं। अब थोड़ा बहुत पानी बचा है, उसे ही सप्लाई किया जा रहा है। राशनिंग करके सप्लाई दे रहे हैं, ताकि लोगों को पीने का पानी मिल सके। नहरों के अलावा ट्यूबवैलों की सप्लाई बढ़ाकर काम चलाने पर जोर दिया जा रहा है।

## डीजी का शिकायत पर संज्ञान आवश्यक कार्यवाही के निर्देश

- धानक समाज ने संगठन के चुनाव में देरी का लगाया था आरोप



इंद्रा कॉलोनी में बना सभा भवन।

**नारनौल।** इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स-कम-रजिस्ट्रार जनरल सोसायटीज के महानिदेशक कार्यालय के ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने जिला महेंद्रगढ़ के फर्म एंड सोसायटी के रजिस्ट्रार को धानक समाज उत्थान संगठन मोहल्ला इंद्रा कालॉनी मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। धानक समाज के मोहनलाल कौथल, रविदत्त पालड़ी, सूबेदार अमरसिंह, वेदप्रकाश कौथल, पूर्व प्रधान करतार सिंह, जगदीश, मामराज, रिटायर्ड डीजीएम महेंद्र खन्ना, राजेश्वरी इंदौरा, सरपंच प्रताप भड़फ, कन्हैया लाल सिहार, सुपरीडेंट सूबेसिंह व दारासिंह ने शिकायत में बताया कि नियमानुसार 22 अक्टूबर 2024 होने वाले चुनाव को समाज के कुछ लोगों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर होने नहीं दिया।

### कार्यवाही के दिशा-निर्देश

शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीजी कार्यालय के ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने जिला महेंद्रगढ़ को आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**यह बोले डिलिंग:** रेवाड़ी के साथ-साथ नारनौल का कार्यभार भी देख रहे डिलिंग एसिस्टेंट रजिस्ट्रार नेकी राम ने बताया कि इनके मामले की सुनवाई 4 मई वार सोमवार को होनी है। यह सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी, ताकि कोई व्यक्ति दूर हो तो भी इसमें शामिल हो सके। वीडियो कांफ्रेंसिंग का लिंक एक-दो दिन में भेज दिया जाएगा। तत्पश्चात वीसी के जरिए मीटिंग होगी।

## बाइक सवारों ने महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

- सेक्टर एक के बिग बाजार में दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम

**नारनौल।** सेक्टर एक में एक महिला के गले की सोने की चेन बाइक सवार दो युवक तोड़ ले गए। महिला के अनुसार उसकी सोने की चेन तीन तोले की थी। जिस जगह महिला के सोने की चेन तोड़ी गई है, उसी जगह करीब आठ माह पहले भी घर के दरवाजे पर बैठी महिला की सोने की चेन बदमाश तोड़ ले गए थे। युवकों द्वारा सोने की चेन तोड़ने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार शहर के सेक्टर एक में बिग बचत बाजार के सामने गली बनी हुई है। इस गली के रहने वालों ने गली को बंद करने के लिए एक तरफ गेट भी लगा रखा है, मगर बुधवार शाम को करीब साढ़े छह बजे दो बाइक सवार बदमाशों ने यहां पर रहने वाली एक महिला के सोने की चेन तोड़ ली। बाइक सवारों ने इससे पहले वहां पर रैकी भी की है। यहां की महिला ब्यूटी पार्लर पर करीब छह बजे गई थी। जिसके बाद सवा छह से साढ़े छह के बीच में वह वापस अपने घर आ रही थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली।



**नारनौल।** महिला के गले से चेन झपटते आरोपित सीसीटीवी कैमरा में हुए कैद।

## सब्जी मंडी में रेहड़ी वाले को पीटा

- पहले दी जाम की धमकी, फिर दोनों पक्षों ने किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सब्जी मंडी के पास एक रेहड़ी चालक ने सफाई कर्मचारी से मारपीट कर दी। इससे नाराज सभी सफाई कर्मचारी काम छोड़कर नगर पालिका कार्यालय में हड़ताल पर चले गए। हड़ताल की सूचना एसडीएम अनिल कुमार यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस को सफाई कर्मियों से मारपीट करने वालों को जल्द पकड़न का आश्वासन दिया। एसडीएम के आदेश पर पुलिस तत्काल कार्रवाई की और मारपीट के आरोपियों को हिरासत में लेकर सिटी थाने ले आई।

जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौट आए। इसके बाद कर्मचारियों ने सचिव के नाम व सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत दी गई। हालांकि दोपहर बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।



**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका कार्यालय में नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी।

### पुलिस में यह दी थी शिकायत

नगर पालिका के सफाई कर्मचारी रामू ने पुलिस को बताया कि वह सुबह सब्जी मंडी के बाहर झाड़ू लगा रहा था और कूड़ा उठा रहा था। तभी सब्जी मंडी गेट के बाहर एक रेहड़ी वाले ने उससे कहा कि आप मेरी रेहड़ी के पास कूड़ा एकत्रित क्यों कर रहे हो। यहां से उसे उठाओ। तब रामू ने कहा कि वह सब्जी मंडी में झाड़ू नहीं लगाता। उसने कूड़ा एकत्रित नहीं किया। जिसके बाद रेहड़ी वाले ने उसके साथ मारपीट की, उसके बाल पकड़कर और घसीट कर ले गया और उसे जाति सूचक शब्द कहे। नगर पालिका सफाई कर्मचारी प्रधान पूर्ण कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारी रामू शंकर मार्केट में सब्जी मंडी गेट के पास सफाई कर रहा था। कुछ रेहड़ी वालों ने उसके साथ मारपीट की और उसको घसीट कर ले गए। तब हम मौके पर पहुंचे तो वहां से वह भाग चुका था। अब सभी कर्मचारी नगर पालिका में बैठ गए।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर प्रधान पूर्ण कुमार, राहुल, विक्की, पंकज, महेंद्र, आरती, रामपाल, धीरज, शम्मी, रवि, रोहित, विकास, बिरजु, राजेश, विजय, देवानंद, गुलशन, दीपक,संदीप, विशाल, अन्नु, भूपेंद्र, राहुल इत्यादि उपस्थित रहे।

**धोखाधड़ी** क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर करीब 74 लाख की ठगी में प्रयोग हुआ था खाता

## टेलीग्राम टास्क व इनवेस्टमेंट फ्रॉड के दो और आरोपित किए गिरफ्तार

साइबर थाना टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की सारी राशि करा दी थी फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 74 लाख रुपये का फ्रॉड करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान राजुदीन आजादपुर दिल्ली हाल आबाद समता विहार मुकन्दपुर दिल्ली व महेन्द्र वासी सादीनगर आजादपुर दिल्ली के रूप में हुई है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि ठगी के मामले में संलिप्त फर्म का बैंक खाता आरोपितों के नाम पर खुला हुआ था। ठगी की राशि आरोपितों के बैंक खाते में गई थी। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि आरोपितों ने टेलीग्राम टास्क व इनवेस्टमेंट के नाम पर करीब 74 लाख रुपये ठग लिए थे। मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फ्रॉड की सारी राशि को फ्रीज करा दिया था। पुलिस ने मामले में संबंधित कंपनियों से पत्राचार कर आरोपित का पता लगाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पता लगाया कि फर्म के खाते के खिलाफ देशभर में करीब 236 शिकायतें हैं। इस मामले में पुलिस की ओर से मुख्य आरोपित अक्षय निवासी पटेल मोहल्ला कस्बा व थाना बाबई जिला होशंगाबाद मध्यप्रदेश को पहले गिरफ्तार किया था। आरोपित की फर्म का साइबर ठगों ने ठगी की वारदात में प्रयोग हुआ था।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### क्या है मामला

भारतीय वायुसेवा से सेवानिवृत्त ने 2024 में उसने यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखा, जो शेयर मार्केट में निवेश की जानकारी, सलाह देने के बारे में थी। जिसमें एक वेबलिंक दिया हुआ था, विज्ञापन देखकर उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जहां एक व्यक्ति ने अपना परिचय शेयर मार्केट ट्रेडिंग इंस्टीट्यूट के डीन के रूप में दिया। जिससे प्रभावित होकर उसने ग्रुप की क्लासों को अटेंड करना आरंभ कर दिया। ग्रुप के लोगों ने बातों से उसे प्रभावित कर लिया और अप्रैल 2024 में क्रिप्टो करंसी के बारे में बताकर निवेश के बारे में सुझाव दिया गया। फिर डीन ने सलाह दी की एक्सचेंज 120 डॉलर का बोनस नए सदस्यों को दे रहा है, इसलिए बोनस राशि से ग्रुप में मौजूद नए सदस्य स्वयं की कोई धनराशि निवेश में लगाए बिना शिकायतकर्ता ने एक्सचेंज में खुद को रजिस्टर्ड किया व बोनस की राशि 120 डॉलर मिलने क्रिप्टो करंसी में व्यापार करना आरंभ कर दिया। जून 2024 में उसने लगभग 50 लाख रुपये जमा करवा दिए। जब ड्रा घोषित हुआ तो उसे 48645 कोइंस प्राप्त हुए, जिनकी कीमत उस दिन के भाव के अनुसार 26 करोड़ रुपये से भी अधिक थी। जब उसने रुपये विड्रॉल करने चाहे तो एक्सचेंज के अकाउंट मैनेजर ने कहा कि यूके एजेंसी एफसीए और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से भारत के खातों की वित्तीय लेनदेन की जांच के निर्देशानुसार जांच की जा रही है।

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग

रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई



हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।

### लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।
-संजय, रोहतक

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, बेमेतरा

**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजाते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।
-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।
-कुणाल, महासमुंद

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: यलो बैलूंस-19, रेड बैलूंस-20

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी मामले में खाताधारक गिरफ्तार,

**नारनौल।** साइबर जालसाजों पर लगातार प्रहार करते हुए साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी की वारदातों में प्रयोग हो रहे खाता के धारक को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना पुलिस ने ताजपुर अटेली के रहने वाले सचिन को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपना खाता साइबर जालसाजों को दिया हुआ था। आरोपित के खाते में साइबर ठगी की काफी राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था।

### सड़क हादसे में दो की मौत, आधा दर्जन घायल

**नारनौल।** नेशनल हाइवे नंबर 11 पर बीती रात्रि सराय बहादुर के समीप हुए सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। जब दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे लोगों को निकाला जा रहा था, तब एक अन्य कार तेज गति से आई और सड़क पर खड़े लोगों को टक्कर मारती हुई आगे निकल गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत शवों का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उन्हें परिजनों को सौंप दिया।

### केशव सैनी ने जेआरफ में पाई 23वीं रैंक

**नांगल चौधरी।** परीक्षा एजेंसी ने नेट का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें नांगल चौधरी के केशव सैनी पुत्र भारत सैनी ने जेआरफ में 23वीं रैंक हासिल की है। मेधावी विद्यार्थी को पार्षदों ने सम्मानित किया। दादा मेहरचंद सैनी ने बताया कि केशव सैनी ने बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से बाहरवीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने मैथ साइंस विषय से मास्टर डिग्री हासिल की। बीते महीने नेट जेआरफ की परीक्षा दी थी।

### कॉलेज परीक्षा में मोबाइल अन्य सामग्री पर प्रतिबंधित

**महेंद्रगढ़।** आईजीयू मीरपुर ने दोनों कॉलेजों में हो रही विवि यूजी-पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा एवं प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पुस्तक, बैग, नकदी एवं अन्य कीमती सामान लाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई छात्र-छात्रा इस प्रकार की सामग्री लेकर आता है तो उसे महाविद्यालय के बाहर ही रखवाना अनिवार्य होगा।

### बुचावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास में महिला एवं बाल विकास परियोजना की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लिंग समानता और बालिकाओं के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर कुसुमलता विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि समाज में लिंग भेदभाव को समाप्त करने और बेटियों को समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

### श्रमिक दिवस पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिक दिवस पर मजदूरों के लिए गांव बाछौद व हुडीना में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। सुरेंद्र लांबा व दिनेश कुमार ने सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें मातृत्व लाभ योजना में 36 हजार, पितृत्व लाभ योजना में 21 हजार, मजदूर के बच्चों की शिक्षा पढ़ाई के लिए 8 से 20 हजार रुपये तक मिलते हैं।

### नवीन की कार्यकुशलता ने बढ़ाया विश्वासः जितेंद्र

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी में एजीएम रहे नवीन वर्मा एचवीपीएनएल में निदेशक पद पदोन्नत हुए हैं। उनके अथक प्रयासों से उपमंडल के प्रत्येक गांव तक बिजली सप्लाई विस्तृत हो पाई है। एसई रहते हुए ग्रामीणों की 24 घंटे बिजली सप्लाई में बड़ा योगदान दिया है। पदोन्नति से अधीनस्थ्य कर्मचारियों को कर्मठता पूर्वक सेवाएं देने की प्रेरणा मिलेगी। यह बात सब डिविजनल प्रधान जितेंद्र डांगी ने कर्मचारियों की बैठक में व्यक्त किया।

## मजदूर दिवस पर श्रमिक संगठनों ने की बैठक

# सम्मान से जीने के हक की लड़ाई के संघर्ष का दिन है श्रमिक दिवस

- हमें मजदूरों के संघर्ष की याद दिलाता है आज का यह दिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

क्रान्तिकारी श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी की ओर से वीरवार को अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस अम्बेडकर भवन में स्कीम वर्कर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा देवी की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसमें एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी राज्य प्रधान कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने सम्बोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए कामरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि आज का दिन मजदूरों की ओर से किए गए महान संघर्षों को याद करने का दिन है तथा पूंजीपति वर्ग के मौजूदा हर तरह के शोषण व जूल्म के खिलाफ आन्दोलन गठित करने की शपथ को तरोताजा करने का दिन है। मई दिवस का संघर्ष आठ घंटे के कार्य दिवस के साथ नये समाज के निर्माण व सम्मान से जीने के हक की लड़ाई की भावना से जुड़ा संघर्ष का दिन हैं।



नारनौल। मजदूर दिवस पर बैठक करते श्रमिक। फोटो : हरिभूमि



सतनाली मंडी। मजदूर दिवस पर झंडा फहराते यूनियन के सदस्य।

### स्कीम वर्कर मिले कर्मचारी का दर्जा

स्कीम वर्कर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा देवी ने कहा कि 45वें श्रम सम्मेलन के फैसले के बावजूद आशा, आंगनबाड़ी, मिड डे मील सहित स्कीम वर्कर्स को सरकार अपना कर्मचारी तो दूर श्रमिक का दर्जा भी नहीं दिया है और ना ही न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है। एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को न तो साल भर काम मिलता है और न ही पूरी दिहाड़ी दी जाती है। मनरेगा का बजट साल दर साल घटाया जा रहा है। भवन निर्माण मजदूर कठिन शर्तों व पंजीकरण प्रक्रिया जटिल होने से अपने वाजिब लाभ से वंचित हैं। मजदूरों का ज्यादातर हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने मजदूरों से कहा कि आए दिन समस्याओं के समाधान का रास्ता जन आंदोलन के माध्यम से ही सम्भव है।

मुख्य वक्ता ने मई दिवस के ऐतिहासिक संग्रामी पहलू पर बोलते हुए कहा कि 1886 में अमेरिकी के जिस शिकागो शहर में मजदूरों ने जिस आठ घंटे कार्य दिवस की मांग को अपने खून से सींचकर बलिदान देकर हासिल किया था, आज सरकार आठ घंटे की जगह 12 घंटे का कार्य दिवस लागू कर पूंजीपतियों की मनचाही पूरी कर रही है। महिलाओं को रात की पाली में भी काम करना होगा। उन्होंने कहा संघर्ष के लबूते पर हासिल श्रम हितैषी कानूनों को खत्म कर पूंजीपतियों के हित में चार लेबर कोड लागू करने जा रही है। इतना ही नहीं जनता के खून पसीने से खड़े किए गए सार्वजनिक उपक्रमों व सरकारी महकमों को मुनाफाखोर निजी हाथों में कोड़ियों के दाम बेचा जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने तो दूरउल्टे पहले से लगे मजदूर कर्मचारी भी आए दिन रोजगार खो रहे हैं। बढ़ती मंहगाई और बेरोज़गारी से जनता त्रस्त है।

### एकजुटता का लिया संकल्प

**सतनाली मंडी।** इंटक यूनियन पदाधिकारियों ने मजदूर दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया और यूनियन का झंडा फहराकर एकजुटता का संकल्प लिया। यूनियन के जिला उपप्रधान राजबीर गोठवाल ने बताया कि एक मई को अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन पूरी तरह श्रमिकों को समर्पित है, जो मजदूरों के सम्मान उनकी एकता और उनके हक के समर्थन में मनाया जाता है। इस दिन भारत समेत कई देशों में मजदूरों की उपलब्धियों व देश के विकास में उनके योगदान को सलाम किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मजदूरों ने यूनियन के झण्डे को फहराकर शहीदों को याद किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान विद्यानंद, दिनेश कुमार, भूपेंद्र दायमा, कर्मबीर, नरेश, निर्मल, भूरासिंह, दीप, विद्यानंद, आशु, राजबाला, रेशमा, रामनिवास पंच, सोमबीर, शिंभु, सोमबीर आदि मौजूद थे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार मकसुसपुरिया, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान सुनीता, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान पवन कुमार, जिला सचिव जगदीश प्रसाद, पार्ट टाइम कर्मचारी यूनियन के मुकेश कुमार व शेरसिंह गणियार उपस्थित थे।



नारनौल। पीड़ति परिवारजनों को ढांढस बंधाते समाजसेवी अतरलाल।

## सफाई कर्मियों के परिवारों की आर्थिक सहायता करें सरकार

- बसपा नेता ने दो सफाई कर्मियों की मौत को बताया दु:खद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

बसपा नेता अतरलाल ने नांगल चौधरी में सीवर की सफाई करते हुए दो सफाई कर्मचारियों की मौत पर दुख प्रकट करते हुए राज्य सरकार से प्रभावित पीड़ति परिवारों को एक एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। अतरलाल ने मोहनपुर व ढाणी बंधावाली में पहुंचकर पीड़ति परिवारों को सांत्वना तथा ढांढस बंधाया। मोहनपुर में अनुप कुमार व ढाणी बंधावाली में जोगेन्द्र के पीड़ति परिवारजनों ने बताया कि प्रशासन तथा अधिकारियों की लापरवाही के कारण हमारे दोनों सफाई कर्मचारियों को अपनी जान की बली देनी पड़ी। जिसके कारण पीड़ति परिवार तथा लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

पीड़ति परिवारजन सरकार सरकार के इस उदासीन रवैये के कारण सदमे में हैं। मुख्यमंत्री से तत्काल दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा एक एक करोड़ की आर्थिक सहायता पीड़ति परिवारों को देने की मांग की। सीवर सफाई के लिए मैनुअल व्यवस्था पर पाबंधी लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाएं घटित न हो, इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पीड़ति परिवार से कंवर सिंह, महेश, रामसिंह यादव, अर्जुन राय, राकेश, रोशन, रोताश कुमार, लोकेश, शीला चौधरी, कविता, सरोज, गीता, चेयरमैन भागसिंह, कैलाश सेठ इत्यादि कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली पुलिस से रिटायर हुए सब इंस्पेक्टर धर्मसिंह

**मंडी अटेली।** दिल्ली पुलिस के मालवीय नगर थाने से अटेली विधानसभा के गांव सागरपुर व इनेलो नेता चौ. भरपूर सिंह के भाई सब इंस्पेक्टर धर्मसिंह सेवानिवृत्त हो गए हैं। दिल्ली पुलिस में विभिन्न स्थानों में 39 साल से अधिक समय तक सेवानिवृत व उत्कृष्ट सेवा देने उपरांत गांव सागपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने नागरिक अभिनंदन किया। बसपा नेता एडवोकेट अतर लाल ने उनकी सराहनीय सेवा पर प्रशिस्त पत्र प्रदान किया। अतर लाल एडवोकेट ने कहा कि सब इंस्पेक्टर धर्म सिंह ने अपने सेवाकाल के दौरान विशेष कार्य किए। राजधानी में कानून व्यवस्था के साथ वीआईपी ड्यूटी व यातायात को सुचारू बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई। धर्म सिंह 30 अगस्त 1985 में भर्ती हुए थे।

## हेरिटेज स्कूल में मना मजदूर दिवस

- विद्यार्थियों ने नाटक व अन्य कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**



नारनौल। हेरिटेज स्कूल में मजदूर दिवस मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

कनीना में स्थित हेरिटेज पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में मजदूर दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में सरस्वती माता की पूजा अर्चना की। इसके बाद बच्चों ने बड़ी ही सुंदर प्रस्तुतियां दी। सर्वप्रथम साक्षी ग्रुप ने नाटक के माध्यम से मजदूर दिवस पर एक बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। इसके बाद नौवीं कक्षा से आरती ने एक भाषण के माध्यम से मजदूर दिवस मनाने के पीछे का कारण प्रस्तुत किया। तृषा, निधि, निकिता ने नृत्य के माध्यम से बताया कि काम बड़ा हो या छोटा मेहनत तो रंग लाती है गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। नौवीं कक्षा की छात्रा पलक ने भाषण के माध्यम से मजदूरी के महत्व को समझाया। अंतिम प्रस्तुति रिया ग्रुप ने हरियाणा की संस्कृति का परिचय दिया। स्कूल प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बच्चों को मजदूर दिवस की अहमियत समझाते हुए बताया कि जिस प्रकार से मजदूर वर्ग अपनी मेहनत से कार्य करता है, जैसे रोड बनाने का कार्य साफ सफाई का कार्य और भी बहुत सारे अन्य कार्य हैं। इस मौके पर रघुवीर, तृप्ता, राज, ममता को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार डायरेक्टर, खुशीराम शर्मा प्रधानाचार्य, कृष्ण सिंह सीनियर कोऑर्डिनेटर, सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर, सुमन मौजूद रहे।

### जन्मदिन पर पक्षियों के दाने पानी की व्यवस्था

**नारनौल।** स्लम एरिया टैलेंट के बच्चों के साथ अतर सिंह सिलन व संजय कुमार ने अपना जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों को फ्रूट्स व मिठाईयां बांटी व पंछियों के लिए पानी के सकोरे लगाए गए।। अतर सिंह ने बताया कि हर व्यक्ति को इन बेजुबान पंछियों के लिए पानी का एक सकोरा अवश्य लगाना चाहिए। जिस पर सभी बच्चों ने एक एक पानी का सकोरा अपनी छतों पर रखने का वचन लिया।। संजय कुमार ने बताया कि स्लम एरिया टैलेंट की ओर से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का जो कार्य इतने सालों से चल रहा है, वो काबिलेतारीफ है। हर किसी को शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा कार्य करना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा पैसों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

## विद्यार्थियों ने नृत्य में दिखाया हुनर

- हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विंग प्रभारी मोनिका शर्मा के मार्गदर्शन में किया। बच्चों ने अलग-अलग डांस थीम पर आधारित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रशिक्षिका चंचल मित्तल के नेतृत्व में क्लासिकल, वेस्टर्न, राजस्थानी, कश्मीरी, मराठी, डांडिया और फोक डांस पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि यह अभिव्यक्ति का सर्वोत्कृष्ट रूप है। यह खुशी, प्रेरणा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारी वैश्विक छवि को मजबूत करता है। डायरेक्टर मनीष अग्रवाल मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि नृत्य दिवस का उद्देश्य नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट करना और लोगों का ध्यान नृत्य की ओर आकर्षित करना है। नृत्य की परंपरा सदियों पुरानी है। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य है हर स्तर पर नृत्य को उसके सभी रूपों में बढ़ावा देना है। यह लोगों को नृत्य के मूल्य के बारे में जागरूक करें।

### सूरज स्कूल में श्रमिकों को किया सम्मानित, महत्व पर डाला प्रकाश



**महेंद्रगढ़।** सूरज स्कूल में विद्यार्थियों के श्रम की महत्ता बताने श्रम दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल के सफाई कर्मियों में हस्त निर्मित कार्ड और अन्य उपहार देकर सम्मान किया गया। उपनिदेशिका गायत्री यादव ने कहा कि श्रम दिवस हमें जीवन में श्रम के महत्व के बारे में समझाता है तथा यह भी बताता है कि श्रमिकों का हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान है। सभी को इस प्रकार के कार्य करने वाले श्रमिकों का बराबर सम्मान करना चाहिए। सफाईकर्मियों ने भी स्कूल प्रशासन, अध्यापकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रपाल यादव, कोआर्डिनेटर कविता सोनी, सोनम एवं राजेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विवि व आर्ट आफ लिविंग में समझौता

- सिंघानिया विश्वविद्यालय अब मिलकर चलाएगा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**




नारनौल। आर्ट आफ लिविंग के बीच समझौता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सिंघानिया विश्वविद्यालय ने सामाजिक और शैक्षिक संस्था द आर्ट आफ लिविंग के साथ एक परिवर्तनकारी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम और छात्रों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम की शुरूआत करना है, जिससे शिक्षा प्रणाली में नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस साझेदारी के तहत विश्वविद्यालय और आर्ट आफ लिविंग मिलकर ऐसे कार्यक्रम संचालित करेंगे जो छात्रों को जीवन के आवश्यक कौशल सिखाने के साथ-साथ उन्हें आकर्षक करियर के लिए तैयार करेंगे। यह पहल शिक्षकों को भी उनके पेशेवर विकास में सशक्त बनाएगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में समग्र सुधार होगा। विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि यह साझेदारी न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगी, बल्कि हमारे छात्रों को मानसिक रूप से संतुलित, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेगी। यह शिक्षा को जीवन कौशलों से जोड़ने की दिशा में एक ठोस कदम है। सिंघानिया विश्वविद्यालय चेयरमैन रवि सिंघानिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम पारंपरिक शिक्षा को आधुनिक जीवन की आवश्यकताओं से जोड़ें। आर्ट आफ लिविंग के साथ यह साझेदारी विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे गुणों का विकास करेगी।

## विवि के टॉप-10 में यदुवंशी कॉलेज की 2 छात्राएं, बधाई

- कला संकाय की ज्योति ने विवि में हासिल किया पहला स्थान



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा टॉप-10 की मैरिट सूची जारी की गई, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान हासिल किया। कॉलेज के कला संकाय और बीसीए के विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में कब्जा किया। कला संकाय की ज्योति कुमारी पुत्री रामचंद्र ने 84.7 % अकों के साथ विवि में पहला स्थान प्राप्त किया। नवनीता पुत्री कृष्ण कुमार 76 % अंक लेकर 5वें स्थान पर रही। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने यदुवंशी कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान व यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी।

### विद्या भारती स्कूल में मनाया मजदूर दिवस



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने की। कार्यक्रम में संस्था के किड्स ब्लॉक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में लक्ष्य व कुनाल ने किसान की भूमिका निभाई। सक्षम, जियांशु और गर्वित ने माली की भूमिका निभाई। छात्रा दिव्या ने अध्यापिका, यशिका ने दर्जी, जान्हवी ने गुब्बारे बेचने वाले की भूमिका निभाई। चारू ने नाई, जतिन ने पुलिस, अनाया चौधरी ने डॉक्टर तथा रिषभ राघव ने रसोईया की भूमिका निभाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव ने बताया कि असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों से काम अधिक करवाया जाता है तथा मेहनताना कम दिया जाता है। इस मौके पर संस्था के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, सपना मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

**आयोजन** स्वास्थ्य एवं विरासत पर केंद्रित रहा कार्यक्रम, वक्ताओं ने करवाया अवगत

वीसी ने पेय पदार्थों के प्रति किया जागरूक

## हकेंवि में हुई पेय पर्व की शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**



महेंद्रगढ़। पेय पर्व के अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थी व शिक्षक कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वीरवार को स्वास्थ्य एवं विरासत पर केंद्रित राष्ट्रीय स्तरीय पेय पर्व अभियान का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत पारम्परिक भारतीय पेय के प्रचार-प्रसार व उनके माध्यम से उपलब्ध रोजगार के अवसरों का विकास करने का प्रयास किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस अभियान को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य भारतीय पेय पदार्थों के प्रति जागरुकता फैलाना व युवाओं को उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित करना है। आयोजन में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रही। आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। संयोजक प्रो. रूपेश देशमुख ने भारतीय पेय पदार्थों की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारी जीवनशैली के अंतर्गत ऐसे अनेक पारम्परिक पेय उपलब्ध हैं जोकि गुणों से भरपूर हैं। अब समय आ गया है कि हम इनके प्रति आवश्यक जागरुकता की दिशा में प्रयास करें।

### इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय पेय पदार्थों के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें इनके व्यावसायिक उपयोग के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जिस तरह से यह बाजार प्रगति कर रहा है, इसमें उद्यमिता विकास के ढ़ेरों अवसर उपलब्ध है। इसलिए विद्यार्थी इस दिशा में विचार करें और नई सोच के साथ आगे बढ़ें। आयोजन के अंत में डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और इस आयोजन में सम्मिलित आयोजन सचिव प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. रणबीर सिंह, सहआयोजन सचिव डॉ. आलेख एस नायक, डॉ. अनूप यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. जितेंद्र व डॉ. उमेश कुमार का भी उनके सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन के अंतर्गत सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भारतीय पारम्परिक पेय जिनमें, राबड़ी, लस्सी, नींबू शिकंजी, जलजीरा, ठंडाई आदि का भी लुत्फ उठाया।

## खबर संक्षेप



### डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ अभियान

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने मिलकर गांव स्तर पर ग्रामीणों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल फ्रॉड के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देना है, ताकि वे इस तरह के जाल में फंसने से बच सकें। अभियान की शुरूआत गांव डोहर मोहनपुर से हुई। जहां टीम की सदस्य कुमकुम खांडा ने ग्रामीणों को डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से बताया।

### बाछौद में अल्का ने जेआरएफ परीक्षा की उत्तीर्ण



नारनौल। दिल्ली विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की छात्रा अल्का ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से मार्च 2025 में आयोजित नेट जेआरफ परीक्षा 169वां रैंक के साथ उत्तीर्ण कर परचम लहराया है। सीएसआईआर यूजीसी की ओर से संचालित इस परीक्षा में हर वर्ष देश के हर कोने से लाखों विद्यार्थी आवेदन करते हैं। मात्र कुछ प्रतिशत छात्र ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाते हैं। जिनको असिस्टेंट प्रोफेसर व जूनियर रिसर्च फेलोशिप उपाधि प्रदान की जाती है। दिल्ली विवि के मीरांडा हाउस कॉलेज से स्नातक व डीयू के ही बॉटनी विभाग में एमएससी की अंतिम वर्ष में पढ़ रही अल्का ने पहले प्रयास में परीक्षा को उत्तीर्ण कर मिसाल कायम की है।

### सागरपुर में सपना ने जेआरएफ परीक्षा की उत्तीर्ण



**नारनौल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से आयोजित नेट जेआरफ परीक्षा 136वीं रैंक के साथ सपना शर्मा पुत्री घनश्याम शर्मा सागरपुर ने परीक्षा उत्तीर्ण कर परचम लहराया है। सपना शर्मा के पिता घनश्याम शर्मा सागरपुर ने बताया कि सपना की उपलब्धि पर चौधरी रणधीर प्रिंसिपल, ओमप्रकाश चौधरी, हेमंत भारद्वाज एडवोकेट, वेदप्रकाश चौधरी, कंवर सिंह, दलीप सिंह, रामौतार शर्मा, संदीप ने सपना को बधाई

*काफी वर्ष पहले हुआ था सड़क का निर्माण, अभी बन चुके है गहरे गड्ढे, राहगीरों को उठानी पड़ रहीं है भारी परेशानी*

# नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी बोले, शहर में योजनाबद्ध तरीके से करवाए जा रहे विकास कार्य, टूटी सड़कों से मिलेगी निजात

- रामसिंह की कोठी से मोदाश्रम तक 50 लाख की लागत से होगा सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में काफी लंबे समय से रूके विकास कार्य अब धीरे-धीरे शुरू होने लगे हैं। नगर पालिका की ओर से करीब 50 लाख रुपये की लागत से भाई रामसिंह की कोठी से मोदाश्रम तक सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क की साफ-सफाई करवाई जा रहीं हैं। यह मार्ग करीब एक किलोमीटर तक बदहाल स्थिति में हैं। बीते काफी वर्षो पहले नगर पालिका ने इस मार्ग का निर्माण करवाया था। लेकिन मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं था। अब नगर पालिका की ओर से तारकोल का मार्ग बनाया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। सड़क निर्माण से नपा इस मार्ग पर लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती हैं। सड़क की हालात खस्ता होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती हैं।

इसे मोदाश्रम रोड के नाम से जाना जाता हैं। यह मार्ग शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा अटेली की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मौहल्ला कोकाबंगड़ी, भूरीवाल, चौक मौहल्ला, जवाहर नगर सहित हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता हैं। इसके अलावा यह मार्ग 30 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से काफी संख्या में वाहन गुजरते हैं। शहर के लोगों की माने तो नगर पालिका ने काफी वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद नगर पालिका ने इस मार्ग की कभी सुध नहीं ली थी। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को काफी फायदा मिलेगा।



**महेंद्रगढ़।** सड़क के निर्माण को लेकर खड़े वाहन। फोटो : हरिभूमि

#### 50 लाख की लागत से होगा सड़क का निर्माण

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि भाई रामसिंह की कोठी से मोदाश्रम मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य करवाया जाएगा। सड़क के निर्माण पर करीब 50 लाख रुपये की लागत आएंगी। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। शहर में योजनाबंद तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहें हैं। नगर पालिक की ओर से इस समय मौहल्ला वाल्मीकि में भी दो सड़क का निर्माण कार्य करवाए जा रहें हैं। इसके अलावा शहर को जगमग करने के लिए पूरे में शहर में स्ट्रीट लाइट लगवाई जा रहीं हैं। इसके अतिरिक्त राव तुलाराम चौक से बालाजी चौक तक, मौहल्ला महायचान से मौहल्ला वाल्मीकि तक सहित शहर के अन्य हिस्सों में तिरंगा लाइट लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा नए रेलवे फ्लाईओवर पर भी स्ट्रीट लगवाई गई हैं। शहर में योजनाबंद तरीके से विकास कार्य करवाएं जाएंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली हलके को दी 639.21 लाख की सौगात

# मंत्री आरती बोली..., 'ये तो केवल ट्रेलर विकास की पिक्चर तो अभी बाकी है'

- प्रशासनिक भवन परिसर से किया उद्घाटन एवं शिलान्यास
- सवास्थ्य मंत्री आरती राव ने गत दिनों मरीजों के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल को दी थी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को अटेली हलके को 639.21 लाख की 70 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं की सौगात दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में 394 लाख रुपये के उद्घाटन व 240 लाख रुपये के शिलान्यास किए। इसके अलावा उन्होंने जिला रेडक्रॉस व ऐलिम्को के सहयोग से 38 दिव्यांगों को 4.62 लाख के इलेक्ट्रिक तिपहिया साइकिल तथा अन्य सहायक उपकरण भी वितरित किए।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली हलके के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि ये कार्य तो केवल ट्रेलर है। विकास की पिक्चर अभी बाकी है। अगले साढ़े चार साल में विकास की और गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। नागरिक अस्पताल नारनौल में भी पिछले दिनों एक करोड़ रुपये की ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन दी गई है। अब यहां भी ब्लड के अलग अलग कंपोनेंट तैयार हो सकेंगे और डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स के अलावा फ्रेश फ्रोजन प्लाजमा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन




**कनीना।** विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करतीं स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य मंत्री ने 394 लाख के उद्घाटन किए। इनमें 21.45 लाख की लागत से तैयार रास्ता ककराला का निर्माण, 14 लाख की लागत से तैयार एस सी चौपाल गुढ़ा का निर्माण, 14 लाख की लागत से तैयार बीसी चौपाल गुढ़ा का निर्माण, 14 लाख की लागत से तैयार बीसी चौपाल कैमला का निर्माण, 5.4 लाख की लागत से तैयार श्मशान घाट खरकड़ा बास में पथ एवं सड़क निर्माण, 15.15 लाख की लागत से तैयार रास्ता सिलारपुर का निर्माण, 48.68 लाख की लागत से तैयार रास्ता खेड़ी से राजस्थान बॉर्डर तक निर्माण, 24.58 लाख की लागत से तैयार रास्ता खेड़ी से कांटी तक निर्माण, 55.11 लाख की लागत से तैयार रास्ता बिहाली से पृथ्वीपुरा तक निर्माण, तीन लाख की लागत से तैयार बवानिया पीडब्ल्यूडी रोड से एससी बस्ती राजू पंच तक गली का निर्माण, चार लाख की लागत से तैयार बवानिया में सुंदरह रोड से आंगनबाड़ी तक गली का निर्माण, पांच लाख की लागत से तैयार सीहोर में बीपीएल कॉलोनी में गली का निर्माण, सात लाख की लागत से तैयार सीहोर में सीताराम के घर से शीशराम के घर तक गली का निर्माण, छह लाख की लागत से तैयार सीहोर में भाला का रास्ता से मोहर सिंह के प्लांट तक गली का निर्माण किया जाएगा।

15 लाख की लागत से तैयार खरकड़ा बास में भूपसिंह के घर से बुढालिया कुआं तक गली का निर्माण, आठ लाख की लागत से तैयार खरकड़ा बास में धर्मपाल के घर से राजपाल के घर तक गली का निर्माण, पांच लाख की लागत से तैयार बड़फ में बुधराम के घर से सुमेर के घर तक गली का निर्माण, सात लाख की लागत से तैयार सेहलंग में पीडब्ल्यूडी रोड से सरकारी स्कूल तक गली का निर्माण, 19 लाख की लागत से तैयार धनौदा में दयाल खेल स्टेडियम में टाइल बिछाने में, छह लाख की लागत से तैयार पड़तल में एससी बस्ती में गंदे पानी की निकासी के लिए तालाब की खुदाई में, नौ लाख की लागत से तैयार ककराला में पीडब्ल्यूडी रोड से रुपेश के घर तक गली का निर्माण, सात लाख की लागत से तैयार ककराला में श्री भगवान के घर से जसवंत के घर तक गली का निर्माण किया जाएगा।

5.5 लाख की लागत से तैयार कोटिया में शहीद स्मारक में दरवाजा चारदीवारी और टाइल निर्माण, 14.22 लाख की लागत से तैयार बागौत में गोशाला में टीनशेड का निर्माण, 4.4 लाख की लागत से तैयार पंचायत घर में टीनशेड का निर्माण, पांच लाख की लागत से तैयार खेड़ी में लक्ष्मण के घर से शिवकुमार के घर तक गली का निर्माण, आठ लाख की लागत से तैयार पड़तल में ट्यूबवेल से दिलबाग की ढाणी तक जीआई पाइप लाइन बिछाने का निर्माण, सात लाख की लागत से तैयार करणसिंह के प्लांट से पीडब्ल्यूडी रामबास रोड तक सड़क का निर्माण, 10 लाख की लागत से तैयार अंगिहार में पीडब्ल्यूडी रोड से हवलदार सुरेंद्र सिंह की ढाणी तक गली का निर्माण, सात लाख की लागत से तैयार इसराणा में गांव के ढाणी चौक में टाइल बिछाने का निर्माण, पांच लाख की लागत से तैयार खेड़ी में पीडब्ल्यूडी रोड से वेद हलवाई की ढाणी तक सड़क निर्माण, 4.5 लाख की लागत से गुढ़ा में अपशिष्ट जल पाइप लाइन बिछाने के निर्माण में, 10 लाख की लागत से तैयार कैमला में सरकारी स्कूल तक की सड़क के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे।

10.86 लाख की लागत से तैयार भोड़ी में अटल भूजल योजना के तहत भूजल स्तर को रिचार्ज करने और सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए बड़कोदा एस्केप से गांव के तालाब भोड़ी को भरने के लिए 450 मिमीध्व्यास की आरसीसी पाइप लाइन एनपी 2 बिछाना, 67.55 लाख की लागत से तैयार सलीमपुर में भूजल स्तर को रिचार्ज करने और सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए सलीमपुर माइनर से गांव के तालाब को भरने के लिए तिगरा में नया गांव तालाब खोदना और आरसीसी पाइप लाइन बिछाना, 40.03 लाख की लागत से तैयार गढ़ी रुथल में भूजल स्तर को रिचार्ज करने और सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा तालाब गढ़ी रूथल को भरने के लिए 450 मिमी व्यास की आरसीसी पाइप लाइन एनपी 2 बिछाना, 39.3 लाख की लागत से तैयार उनिंदा में तालाब भरने के लिए 450 मिमी व्यास की आरसीसी पाइप लाइन एनपी 2 बिछाना, पुनर्भरण उद्देश्य और सिंचाई सुविधाओं में सुधार के लिए, 1.23 लाख की लागत से तैयार कटकई में राधा कृष्ण मंदिर के पास पानी की टंकी का निर्माण, 1.49 लाख की लागत से तैयार सैदपुर में पंचायत भूमि पर पानी की टंकी का निर्माण, 2.57 लाख की लागत से तैयार अटाली में बस क्यू शेल्टर का निर्माण, 3.06 लाख की लागत से तैयार नांगल अटेली में भीमसिंह पुत्र गजराज के घर से लेकर सरजीत के खेत तक सीवर लाइन, 4.99 लाख की लागत से तैयार नीरपुर में विक्रम के घर से गंदे पानी की निकासी का कार्य, 6.38 लाख की लागत से तैयार अटाली में पंचायत भूमि पर पानी का बोर, 7.45 लाख लागत से तैयार खैराना में स्कूल में खेल ग्राउंड की चारदीवारी का कार्य शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कार्यक्रम के दौरान 240 लाख रुपये से अधिक लागत से तैयार होने वाली कई परियोजनाओं को शिलान्यास भी किया।



**मंडी अटेली।** तहसीलदार के रीडर को ज्ञापन सौंपते बसपा पार्टी के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## स्वास्थ्य को पद से हटाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

- बसपा ने अटेली में तहसील कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को मंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर वीरवार को बहुजन समाज पार्टी ने अटेली तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रधान प्रमोद कटारिया ने किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर लहराकर जोरदार नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार अटेली के रीडर विनोद कुमार को सौंपा।

ज्ञापन में सीएम से आरती सिंह राव को तत्काल मंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के खिलाफ दायर चुनाव याचिका पर गत 22 अप्रैल को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसलिए न्याय तथा नैतिक आधार पर आरती सिंह राव को तत्काल त्याग पत्र दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि लोकराज लोकलाज से चलता है। इसलिए बहुजन समाज पार्टी की मांग है कि आरती सिंह राव को तत्काल मंत्री पद से हटाया जाए और जब तक उनके खिलाफ दायर याचिका पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक उन्हें मंत्रीमंडल से बाहर रखा जाए। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र रामबास, विधानसभा प्रभारी कपिल बाछौद, भाग सिंह चेयरमैन, दानसिंह प्रजापत, कैलाश सेठ, रिंकू अगिहार, तुषार तायल, चन्द्रपाल, प्रवीण, दाताराम, भरत सिंह, रविकांत, कार्तिक, भरत सिंह, जोगेन्द्र, अनिल, कैलाश, औमप्रकाश, औमप्रकाश यादव, बीएल सैनी, सुभाश, सुबेसिंह व सतबीर सिंह मौजूद रहे।

## ईशा व कार्तिक ने एनडीए में क्वालीफाई

- देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के विद्यार्थी हैं ईशा व कार्तिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के छात्र ईशा और कार्तिक ने एनडीए टेस्ट क्वालीफाई करके अपने माता-पिता के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। इन बच्चों ने अभी 12वीं की परीक्षा के साथ एनडीए की तैयारी की। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत को निरंतर बनाए रखा। ये बच्चे शुरू से ही मेहनती रहे हैं, कक्षा-कक्ष में जो कार्य दिया जाता था उनको पूरी निष्ठा के साथ पूरा करते थे। एसएससी क्वालीफाई कर देशसेवा में अपने आप को अर्पित करना चाहता है। ईशा चौधरी ने अभी हाल ही में जेई मैन्स में क्वालीफाई कर एनआईटी में भी सीट पक्की की हुई है। इसके लिए उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए बताया किसी भी कंपटीशन की तैयारी करने के लिए लगातार अध्ययन की जरूरत होती है। समय-समय पर होने वाले टेस्ट से तैयारी करने में काफी मदद मिलती हैं। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एकेडमिक हेड इंद्रजीत यादव ने बताया कि बच्चों की इस प्रकार की उपलब्धि से हमारे दूसरे बच्चों को मोटिवेशन मिलेगा। बच्चों की इस उपलब्धि से यह सिद्ध होता है कि निरंतर किए गए प्रयास से सफलता हासिल की जा सकते है।



**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त के नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** समाधान शिविर मे क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के लोगों ने पुलिस संबंधी समस्याओं के निवारण का एक लिखित जिला उपायुक्त के नाम स्थानीय एसडीएम अनिल कुमार यादव को सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि हम मांग करते हैं कि आबादी के हिसाब को देखते हुए महेंद्रगढ़ शहर में पुलिस जिला बनवाया जाए, महेंद्रगढ़ के बस स्टैंड व केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली में बढ़ती आवारा गर्दी को देखते हुए स्थाई पुलिस चौकी खोली जाए। पुलिस चौकी खुलवाने के लिए सामाजिक संगठनों ने कई सालों से मांग करता रहा है।

## सूरज कॉलेज: पर्व विवि में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा प्रथम सेमेस्टर की टॉप-10 मेरिट लिस्ट घोषित की गई, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बीसीए प्रथम सेमेस्टर का छात्र पर्व शर्मा पुत्र मुकेश नारनौल ने 8.83 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तमन्ना पुत्री देवेंद्र सिंह, धवाना ने 9.75 एसजीपीए विवि में पांचवा स्थान प्राप्त किया। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सोनम पुत्री रमेश कुमार छिथरोली ने 9.08 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया और विधि यादव पुत्री संजय कुमार धवाना ने 8.83 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता व कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।



पर्व शर्मा



विधि यादव



तमन्ना



**नारनौल।** मजदूर दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## सीएल में मना श्रमिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।

सीएल पब्लिक स्कूल प्रांगण में कनिष्ठ वर्ग ने अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। स्कूल के सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का अभिनन्दन किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना में विभिन्न कार्यक्रम पेश किए। जिनमें उनके अधिकारों और सम्मान को प्रदर्शित किया गया। वहीं वरिष्ठ वर्ग ने डा. के कस्तूरीरंगन पूर्व अध्यक्ष भारतीय स्पेस एंड टैक्नोलॉजी के योगदान को सराहा व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक डा. अमित गुप्ता ने उनके काम की सराहना की। इसके साथ ही स्कूल प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने उनको बधाई दी व उनके कठिन परिश्रम की प्रशंसा की।

## 8 परीक्षा केंद्रों पर 4 मई को होगी नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि आगामी चार मई को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य उम्मीदवारों के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए शाम छह बजे तक परीक्षा संचालित होगी। उन्होंने आगामी नीट परीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने वीरवार को महेंद्रगढ़ में निर्धारित राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी पूजा वशिष्ठ भी उपस्थित रही और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि वे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले विद्यार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान केंद्र के अंदर न जाए फ्रिस्किंग टीम इस बात को सुनिश्चित करे कि परीक्षार्थी और स्कूल स्टाफ मोबाइल फोन सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु भीतर न ले जाएं। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं और अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें। परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ न जुटने देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करना और छात्रों को बिना किसी परेशानी के परीक्षा देने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है।



**महेंद्रगढ़।** परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीसी डॉ. विवेक भारती व एसपी पूजा वशिष्ठ।



**महेंद्रगढ़।** अमित यादव



सीमा यादव।

## भाई-बहन नेट में क्वालीफाई

**महेंद्रगढ़।** गांव खातोदडा निवासी अमित यादव पुत्र विजयपाल यादव ने भौतिक विज्ञान विषय में नेट-जेआरएफ की परीक्षा आल इंडिया रैंक 24 के साथ उत्तीर्ण पास की। उनकी बहन सीमा पुत्री विजयपाल यादव ने रसायन विज्ञान विषय में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं अपने परिवार को दिया। 12वीं तक की शिक्षा बीएनडी स्कूल से एवं आगे की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। यह उपलब्धि न केवल बीएनडी स्कूल के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले के युवाओं को आगे बढ़ने और ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देती है।